हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 23 फरवरी 2025



### 11 जिला पंचायत, 65 जनपद के साथ ही 245 ग्राम पंचायतों में चुने जाएंगे पंच और सरपंच

# आज साफ होगी ग्रामीण सरकार की तस्वीर: डोंगरगांव डोंगरगढ़ और अंबागढ़ चौकी जनपद में मतदान आज

## चार रंग के मतपत्रों के जरिये होगा मतदान, सुबह 7 से दोपहर तीन बजे का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज तीसरे एवं अंतिम चरण के लिए मतदान की प्रक्रिया कराई जाएगी। इस तीसरे चरण में राजनांदगांव जिले के दो जनपद डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ के साथ ही एमएमसी जिले की अंबागढ़ चौकी जनपद के लिए मतदान होगा। इनमें दस जिला पंचायत, 65 जनपद सदस्य, तीन ब्लॉक की 245 ग्राम पंचायत में पंच व सरपंच पद चुनने के लिए वोटिंग होगी। ज्ञात हो कि खैरागढ़ जिले की दोनों जनपद में पहले दो चरण में ही चुनाव संपन्न हो चुका है। ऐसे में आज तीसरे चरण के साथ ही अविभाजित जिले की ग्रामीण सरकार को लेकर भी तस्वीर साफ हो जाएगी।

हालांकि पहले दो चरण में ही राजनांदगांव जिले की 13 में से छह और मोहला-मानपुर-चौकी जिले की 10 में से पांच जिला पंचायत सीटें जीतकर भाजपा बढ़त बनाए हुए हैं। आज होने वाले चुनाव में दोनों ही जिले में भाजपा को एक-एक सीट की जरूरत है। इनमें राजनांदगांव जिले में छह और मोहला-मानपुर जिले की चार जिला पंचायत सीट के लिए आज चुनाव होंगे। इसके अलावा जनपद में भी भाजपा का पलड़ा अब तक कांग्रेस से भारी रहा है। अब तक हुए छह जनपद के चुनाव में केवल एक मोहला में ही कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का बहुमत रहा है। बाकी शेष पांच जनपद खैरागढ़, छुईखदान, राजनांदगांव, छुरिया और मानपुर में भाजपा समर्थित अधिक प्रत्याशियों की जीत होने से उनका अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है।

**खास बातें**

- तीसरे चरण में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर
- राजनांदगांव और एमएमसी जिले में भाजपा को चाहिए एक-एक सीट
- मतदान के बाद तत्काल मतपत्रों की होगी गिनती



### शांतिपूर्ण मतदान के लिए फ्लैग मार्च

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम तृतीय चरण में शांतिपूर्ण और निर्भीक मतदान संपन्न करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। कल 23 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण के तहत विकासखंड डोंगरगांव और डोंगरगढ़ क्षेत्र में मतदान संपन्न होना है, जिसे लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी पोलिंग बूथ पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। डोंगरगांव क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में एसडीओपी दिलीप कुमार सिसोदिया, थाना डोंगरगांव प्रभारी निरीक्षक अवनिश कुमार श्रीवास एवं चुनाव ड्यूटी में लगे पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा अपने दल-बल के साथ ग्राम खुज्जी, खुर्सीपार, रातापायली, सालिकझिटिया, अर्जुनी, सुखरी, आरी, कोनारी व अन्य गांव में दल-बल के साथ फ्लैग मार्च निकालकर लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करते निर्भीक और निष्पक्ष मतदान करने का संदेश दिया।

### पोलिंग बूथ पर पहुंचा मतदान दल

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए कल 23 फरवरी को संपन्न होने जा रहे मतदान के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई है। सभी मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टी पहुंच चुकी है और सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। वहीं मतों की गणना मतदान पश्चात की जाएगी। प्रशासन के द्वारा निर्भिक और शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए है। इधर मतदान को लेकर मतदाताओं में भी खासा उत्साह नजर आ रहा है। वनांचल क्षेत्रों में चुनई तिहार मनाकर शत् प्रतिशत मतदान सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया है।

### निष्पक्ष मतदान की अपील

डोंगरगढ़ क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीओपी अशीष कुंजाम, थाना डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं चुनाव ड्यूटी में लगे पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा अपने दल-बल के साथ ग्राम मेढ़ा, पिनकापार, रामाटोला, सेंदरी, अंडी, चौथना, मुरमुंदा, बेलगांव व अन्य गांव में वाहन एवं पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया।

### इतने पद को लेकर हुए चुनाव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत राजनांदगांव जिले में 13 जिला पंचायत, चार जनपद पंचायत एवं 408 गांव में पंच-सरपंच के चुनाव। मोहला-मानपुर जिले में 10 जिला पंचायत, तीन जनपद पंचायत एवं 185 ग्राम में पंच-सरपंच के चुनाव के साथ ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 10 जिला पंचायत सीट, दो जनपद एवं 221 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच चुनने के लिए तीन चरण, जिनमें 17, 20 और आज 23 फरवरी को मतदान कराए गए।

### तीन लाख मतदाता, महिलाएं अधिक

आज जिन तीन जनपद में चुनाव होने हैं, उनमें कुल मिलाकर 313341 मतदाता शामिल होंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं से अधिक महिलाओं की संख्या है। ज्ञात हो कि पहले दो चरण में 80 फीसदी से अधिक मतदान दर्ज किया गया है। ऐसे में आज भी इसके आसपास ही मतदान होने की संभावना है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ जनपद में 12122, डोंगरगांव जनपद में 12212 और अंबागढ़ चौकी जनपद में 12212 मतदाता शामिल हैं।

**कुदाली से किया वार, मौके पर मौत**

## खाना बनाने को लेकर विवाद पति ने कर दी पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

घर में खाना बनाने की बात पर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि पति ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी पर कुदाली से हमला कर हत्या कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना की खबर से गांव में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांगली निवासी बिपतराम एवं उसकी पत्नी घासोबाई के बीच 19 फरवरी की रात लगभग 7 बजे खाना बनाने की बात पर विवाद हुआ था, जिस पर घासोबाई ने बिपतराम को धक्का देकर खाट में गिरा दिया था। जिससे आवेश में आकर आरोपी ने घर में रखे कुदाली से घासोबाई उम्र लगभग 61 वर्ष पर हमला कर दिया। इस घटना में घासोबाई के चहेरे, गाल व मुंह में चोंट आया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की रिपोर्ट एवं मर्ग जांच पर पुलिस ने आरोपी पति बिपतराम उम्र लगभग 63 वर्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इधर इस घटना की खबर से गांव में सनसनी फैल गई है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### सरपंच का निकला विजय जुलूस

**सड़क अतरिया।** पंचायत चुनाव का परिणाम आने के बाद ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में नवनिर्वाचित सरपंच प्रकाश जंघेल का विजय जूलुस निकाला गया। सरपंच के लिए चार उमीदवार किस्मत आजमा रहे थे। कड़े मुकाबले में प्रकाश जंघेल ने 59 मत से जीत हासिल किया। परिणाम आने के बाद समर्थकों ने विजय तिलक लगाकर आतिशबाजी किया। बुधवार को खैरा से नर्मदा अवंती चौक तक गाजे बाजे के साथ जुलुस निकाला गया।नव निर्वाचित सरपंच श्री जंघेल ने सभी मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने शनि मंदिर, लोधेश्वर मंदिर, नर्मदा मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना किया।



### डोंगरगांव कॉलेज के सात विद्यार्थी मेरिट में

**डोंगरगांव।** हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित परीक्षा में कालेज के सात विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। एमए चतुर्थ सेमेस्टर अर्थशास्त्र में गोजल ने सातवां, एमएससी वनस्पति चतुर्थ सेमेस्टर में सोनम द्वितीय, एमएससी वनस्पति चतुर्थ सेमेस्टर में अर्चना सातवां, एमएससी वनस्पति चतुर्थ सेमेस्टर में गरूड साय दसवां, एमकाम चतुर्थ सेमेस्टर में पारूल जैन तृतीय, एमए राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर में यश्वनी, एमए राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर में मनीषा बोदेलकर नवम, एमए राजनीति चतुर्थ सेमेस्टर में उषा दसवां और एमए समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर में सीमा ने दसवां स्थान हासिल किया है।

### हाईटेक सिटी मशीन लगेगी अस्पताल में



**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में ट्रस्ट समिति सेवा दल के माध्यम से निर्माणाधीन मल्टीप्लस अस्पताल में उच्च स्तरीय सिटी स्कैन मशीन भी उपलब्ध रहेगी। बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ क्षेत्र के लोगों को बम्लेश्वरी अस्पताल में जल्द ही सुविधा मुहैया होगी।

### गांवों में मतदान आज

**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत के 25 सदस्यों, 100 सरपंच और जिला पंचायत के 4 सदस्यों के लिए कल 23 फरवरी को मतदान होगा जिसकी सभी तैयारी पूर्ण हो गई है। मतदान के लिए 263 मतदान केन्द्र में लगभग 3000 हजार अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए हैं। लगभग 1 लाख 32 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगें। ब्लाक में 67 हजार पुरूष एवं 65 हजार महिला मतदाता है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत 25 सदस्य के लिए कुल 91 प्रत्याशी हैं। जनपद अध्यक्ष का पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित होने से 13 क्षेत्र में ओबीसी महिला प्रत्याशी है। जनपद के कुल 7 क्षेत्रों में 2 से अधिक प्रत्याशियों के मैदान में होने से चुनाव रोचक हो गया है जबकि 6 क्षेत्रों में 2 प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। अन्य 12 क्षेत्रों में 2 से 5 प्रत्याशी मैदान में है।

## पंचायत चुनाव का परिणाम सामने आने के बाद गांव में जश्न का माहौल

# जिला पंचायत के 3 क्षेत्र में खिला कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लाक के अधीन आने वाले तीन जिला पंचायत क्षेत्र में हुए मतदान का रूझान देर रात मिलने लगा था। जिला पंचायत की तीनों सीट पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज किया है। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से बीरमबाई, क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला से किरण रविन्द्र वैष्णव, क्षेत्र क्र. 13 कुमर्दा में गोपाल भूआर्य की जीत से भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यकर्ता जीत का जश्न मनाने लगे। उल्लेखनीय है कि दिग्गज नेताओं के मैदान में उतरने से जिला पंचायत का क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला हाई प्रोफाईल हो गया था । भाजपा ने जनपद अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था तो कांग्रेस ने विधायक की मनपसंद से नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा को प्रत्याशी घोषित किया था। वहीं भाजपा जिला किसान मोर्चा के महामंत्री हिरेन्द्र साहू एवं कांग्रेस से जिला महामंत्री चुम्मन साहू भी बागी के रूप में मैदान में आ गए थे। चुनाव में कांग्रेस की श्रीमती सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बीरम बाई एवं कांग्रेस की अश्वनी मंडलोई के बीच सीधा मुकाबला हुआ। भाजपा प्रत्याशी बीरमबाई ने हर बूथ पर लीड लेते हुए रिकार्ड मतों से जीत दर्ज किया। इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 13 कुमर्दा से भाजपा के प्रत्याशी गोपाल भूआर्य का मुकाबला कांग्रेस की बागी कांति भंडारी से हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप धावड़े ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### जनपद में भी भाजपा राज

जनपद पंचायत छुरिया के नवनिर्वाचित भाजपा के 18 सदस्यों की जिला भाजपा कार्यालय में जिला संगठन ने परेड लिया। जनपद पंचायत में 25 वर्षो से भाजपा का एकतरफा कब्जा है । इस बार हुए आम चुनाव में भाजपा के 18 जनपद सदस्यों ने जीत दर्ज किया है। इस चुनाव में चुनाव प्रभारी जगजीत सिंह भाटिया की अहम भूमिका रही। परिणाम आने के बाद गुरूवार को सभी 18 सदस्यों जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, एमडी ठाकुर, हिरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष कांता साहू, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन की उपस्थिति में भाजपा के जिलाध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल एवं जिला महामंत्री सौरभ कोठारी से रूबरू कराया। निर्वाचित जनपद सदस्यों का जिला भाजपा अध्यक्ष सहित अन्य ने स्वागत किया।

### सभी तरफ भाजपा लहर



### किरण की जीत पर मना जश्न

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव सदस्य निर्वाचित हुई है। मतदान होने के बाद देर रात श्रीमती वैष्णव के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं आना शुरू हो गए थे। परिणाम सामने आने के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी किया। कुमार साय साहू, शीशुपाल साहू, खिलेश साहू, दशरथ चंद्रवंशी आदि ने उन्हे बधाई दी। श्रीमती वैष्णव ने जीत का श्रेय मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया है।

### सारणीकरण के बाद प्रमाण पत्र वितरित

त्रिस्तरीय पंचायत का मतदान होने के बाद शनिवार को रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सरपंच, पंच, जनपद सदस्य का सारणीकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात सरपंच, पंच, जनपद सदस्य को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। सुबह अलग अलग टेबल में अधिकारी एंव कर्मचारियों ने सारणीकरण किया। रिटर्निंग आफिसर विजय कोठारी , सहायक रिटर्निंग आफिसर होरीलाल साहू, नायब तहसीलदार विजय साहू की मौजूदगी में 118 ग्राम का सारणीकरण किया गया। तत्पश्चात सभी विजेता को प्रमाण पत्र का वितरित किया गया।

### प्रत्याशियों ने दर्ज कराई आपत्ति

सारणीकरण के दौरान कई प्रत्याशी आपत्ति दर्ज करने पहुंचे। ग्राम पंचायत चिरचारी कला की महिला प्रत्याशी एक वोट से हराने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए पुनः गणना कराने की मांग रखी। वहीं पठानडोंगी के महेश चन्दवंशी जो मात्र 2 वोट से पराजित हुए ने भी अपनी आपत्ति दर्ज कराया। परेवाडीह का एक प्रत्याशी 3 तीन वोट हराने के बाद रात को आपत्ति दर्ज कराने पहुंच गया था।

## तीन दिन रहेगी शिव भक्ति की धूम, भजन पेश करेगी शहनाज

■ महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बमलेश्वरी देवी की नगरी में बाबा महाकाल का पर्व महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया जाएगा। बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समितम्ने शिव मंदिर परिसर एवं मेला प्रांगण में 24 से 26 फरवरी तक मेला का आयोजन किया है।

मेला में खाद्य पदार्थ के स्टॉल, झूला, मनिहारी एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए जंपिंग झापक, मिकी माउस आदि के स्टाल लगेंगे। ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र परिहार ने बताया कि 24 फरवरी को प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा भजन की प्रस्तुति रात्रि 8 बजे से देंगे। इसी प्रकार 25 फरवरी को प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर के भजन की प्रस्तुति होगी। आगामी 26 फरवरी को जस गायक दिलीप षंडगी का कार्यक्रम होगा।



26 फरवरी को ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में नीचे शिव मंदिर में भक्तों को पूजा अर्चना के लिए बेलपत्ती, दूध निः शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। ट्रस्ट मंडल ने अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में तीन दिवसीय पर्व को मनाने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। शहनाज अख्तर के कार्यक्रम को उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए व्यापक तैयारियां की जा रही है।



### नरेश शुक्ला निर्वाचित

**कुमरदा।** ग्राम पंचायत घुपसाल में सरपंच के पद पर कांग्रेस नेता नरेश शुक्ला ने विजयीश्री प्राप्त किया है। मतदान के बाद जनपद पंचायत मुख्यालय छुरिया में शनिवार को उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। सरपंच निर्वाचित होने के बाद श्री शुक्ला ने कहा कि गाँव के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचना ही उनका लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि घुपसाल और लाटमेटा को माडल गांव के रूप में विकसित करने का प्रयास करेंगे।

## वार्षिकोत्सव 25 को, 35 छात्रों को मिलेगा गोल्ड मेडल

**डोंगरगांव।** डॉ बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय में आगामी 25 फ़रवरी को वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया है। सांसद संतोष पांडे कालेज के 35 मेधावी छात्र छात्राओं को दानदाताओं द्वारा प्रदत्त गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

जानकारी के अनुसार वार्षिकोत्सव 11 बजे आरंभ होगा। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी करेंगी। विशेष अतिथि के रुप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, प्रदेश भाजपा के के महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, संतोष यादव, पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन मौजूद रहेंगे। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में दानदाताओं के सहयोग से विभिन्न कक्षाओं में उच्च अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में भुमेश्वरकुमार, भावना, डिलेशवरी, अदिति बोरकर, पारुल जैन, ज्योति, धनवंतीन,जामुन, मोना, सादमा कौसर, महिमा अग्रवाल, ढालेश्वरी, यादराम, संजना, यामिनी, मनीषा बोदलकर, भावेश कुमार, गुलापा, ऋतु राजपूत, दीपिका पटेल, तीजन नायक, पुनिता साहू, आकाश बोरकर, संजना, मुसर्रत खान, अर्चना, गोजल, शुभम राजपूत, झरना चंद्राकर, सोनम साहू, जयकुमार सिन्हा, सीमा, अस्मिता कौर बग्गा, चित्रकला, मोनिका कुंभकार शामिल है।

### फाल्गुन महोत्सव 11 को

**डोंगरगढ़।** श्याम फाल्गुन महोत्सव आगामी 11 मार्च को श्याम रिसार्ट में धूमधाम से मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज, मारवाड़ी समाज, महेश्वरी समाज, गुजराती समाज, ब्राह्मण समाज और श्याम प्रेमी सदर सहपरिवार कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजन के क्रम में आगामी 10 मार्च को श्याम निशान यात्रा और श्याम भजन संध्या 11 मार्च को रखा गया है।

### मनराखन लाल का निधन

**जेवरतला।** ग्राम पंचायत कोरगुडा निवासी 80 वर्षीय मनराखन लाल देवांगन का 22 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकली। ग्राम के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह एक पुत्र, तीन पुत्री का भरपूरा परिवार छोड़ गए हैं।






## खबर संक्षेप

### डोंगरगढ़ कॉलेज के 6 विद्यार्थी मेरिट में

**डोंगरगढ़।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने सत्र 2023-24 की प्रवीण्य सूची जारी कर दिया है। प्रावीण्य सूची में नेहरू महाविद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार एमए भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर में दिव्या नामदेव ने प्रथम, रितु पटेल ने तृतीय, एमए अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर में प्रगति महोबिया द्वितीय, एमएससी भौतिकी चतुर्थ सेमेस्टर में दीप देवांगन तृतीय, एमए इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर में धनेश्वर देवांगन तृतीय, बीए भाग तीन में करीना डोंगरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकु, प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, डॉ आशा चौधरी, डॉ आरआर कोचे, मनीषा भेड़यि, एचआर पदमे, डॉ. नौशीन अंजुम, सोनाली लोया खानखोजे, रोशन साहू, रणविजय देवांगन, डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ एमएल नंदेश्वर, नितेश तिरपुडे.ने बधाई दिया है।

### एनबीआईएस में मना छत्रपति शिवाजी जयंती

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष सभा में शाला के सुखदेव हाऊस के बच्चों द्वारा शिवाजी के जीवन को चरितार्थ करते नाटक की प्रस्तुति दी गई। बच्चों द्वारा शिवाजी की वेशभूषा के साथ ही उनके आदर्शों को जीवंत रूप में सभी के समक्ष दर्शाया गया। इस अवसर पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा शिवाजी के जीवन की नीतियों से बच्चों को रूबरू कराया गया। शिवाजी ने अपने संपूर्ण जीवन में अनुशासन तथा संगठित होकर कार्य करने की सीख देते हैं। शिवाजी ने मराठा साम्राज्य की स्थापना कर एक श्रेष्ठ प्रशासक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। ऐसे महान वीर योद्धा के प्रति एनबीआईएस शाला परिवार नतमस्तक तथा कृतघ्न है, जिन्होंने राष्ट्र व राष्ट्रीयता को सदैव सर्वोपरि रखा है। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, शिक्षक, आफिस, कर्मचारी तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## नाली में मलमा डालने पर जारी होगा नोटिस

# प्लास्टिक डिस्पोजल पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा सुबह शहर में सफाई निरीक्षण कर लोगों को समझाईस देकर गंदगी पाए जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है। इस संबंध में जिलाधीश व प्रशासक संजय अग्रवाल द्वारा भी समीक्षा कर निर्देश दिए गए हैं। शनिवार सुबह सफाई निरीक्षण में आयुक्त ने बल्देवबाग, ममता नगर एवं महामाया चौक में साफ-सफाई देख मलमा रखने व प्लास्टिक, डिस्पोजल उपयोग पर सुपरवाईजर को कार्रवाई करने कहा।

ममता नगर क्षेत्र में साफ-सफाई देख आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सफाई ठीक है, लेकिन बेहतर सफाई के लिए और अच्छा कार्य करें। हाजिरी रजिस्टर देख निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करने कहा। उन्होंने रोड के किनारे रखे अवैध मलमा देखकर कहा कि मलमा रखने तथा नाली में मलमा डालने वालों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाएं।



### प्रतिदिन कचरा उठाने निर्देश

बल्देवबाग क्षेत्र में नाली के किनारे की कटिली झाड़ियां काटने, कचरा प्रतिदिन उठाने निर्देशित किया। बल्देवबाग एसएलआरएम सेंटर में साफ-सफाई रखने कचरे की प्रापर छंटनी करने, गीला कचरा से खाद बनाने में तेजी लाने के निर्देश सेंटर प्रभारी को दिए। प्रभारी द्वारा सेंटर में असामाजिक तत्वों के घुसने को रोकने बाउंड्रीवाल निर्माण, ग्रीन नेट लगाने तथा कन्पोस्ट पीठ की संख्या बढ़ाने की मांग की, जिस पर आयुक्त ने शीघ्र निराकरण करने कहा।

### रहता है बीमारी का खतरा

बसंतपुर महामाया चौक में साफ-सफाई देख डिवाईडर के किनारे कचरा उठाने, रोड के किनारे सफाई करने के निर्देश सुपरवाईजर को दिए। महामाया चौक में गन्ना रस के ठेला वालों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरा नहीं फैलाने समझाईस दी गई। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के डिस्पोंज गिलास से बीमारी का खतरा रहता है, इसका उपयोग नहीं करने पूर्व से ही हिदायत दी जा रही है। नंदनी गन्ना रस ठेला तथा शौर्य गन्ना रस ठेला के संचालक से प्लास्टिक डिस्पोजल व स्ट्रा का बहुतायत उपयोग पर 5-5 सौ रुपए जुर्माना लगाया गया।

# सांसद ने किरण के लिए मांगा वोट



**डोंगरगढ़।** चुनाव प्रचार थमने के पहले सांसद संतोष पाण्डेय ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 की प्रत्याशी किरण साहू के पक्ष में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन के लिए किए जा रहे कार्यों को लोगों के समक्ष रखा। उन्होंने किसान सम्मन निधि, उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 की प्रत्याशी किरण साहू को काम करने का मौका देने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने मोदी की गारंटी को लागू करते हुए महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 1000 देने की शुरूवात की है। इसी प्रकार किसानों का धान 3100 रूपए की दर से खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी के बहकावे में न आए और भाजपा की सोच के साथ क्षेत्र को आगे बढ़ाएं। इस मौके पर सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक शशिकांत द्विवेदी सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने दी।

# महंगाई और बेरोजगारी की समस्या हल करने ध्यान नहीं दे रही भाजपा सरकार : नीरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने दिनों-दिन बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के लिए भाजपा सरकार को घेरा रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि व्यापारी मनमाने दाम पर सामान बेच रहे हैं। सामानों के पक्के बिल नहीं देकर सरकार को राजस्व का अलग चूना लगा रहे हैं। वहीं शहर में बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। लोगों को फुटपाथों पर छोटा-मोटा धंधा शुरू करने कर्ज भी लेना पड़ा तो भाजपा सरकार सौंदर्यीकरण के नाम पर उन्हें बेदखल कर देती है। ऐसी स्थिति में बेचारों को रोने-धोने के सिवा कुछ नहीं सूझता। रोजमर्रे की जरूरत की कई चीजों के दाम मिठाई के भाव होगा और मिठाई के दाम सोने के दाम हो गए हैं। सोने के दाम हीरे की दाम की तरह चमक गए हैं। ऐसे में आम आदमी जीना दूभर हो गया है। सरकार चावल व नमक फ्री देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ रही है।

श्री कन्नौजे ने कहा कि वह अपने नगर निगमों में सौंदर्यीकरण के नाम पर सिर्फ गरीबों को सताना बंद करें, कई अमीरों ने सड़क तक पक्के निर्माण कर लिए हैं। उनको हटाने की हिम्मत नहीं जुटाती है। उनके बुलडोजर का दम सिर्फ ठेले-खोमचे से हटाने तक दिखता है। गरीबों को सतना बहादुरी की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर वह सौंदर्यीकरण के नाम पर गरीबों को सड़कों से हटाते हैं तो उन्हें रोजी-रोटी चलाने के लिए सुव्यवस्थित जगह दे, ऐसी सुव्यवस्थित जगह

### पसरा टैक्स बंद करने की मांग

श्री कन्नौजे ने पसरा टैक्स बंद करने की मांग की है। निगम द्वारा पसरा टैक्स लेने से कई गरीबों को नुकसान हो रहा है। ले देकर वह दो पैसा कमा पाते हैं, वह भी रोज का टैक्स भरने में चला जाता है। यदि छोटे-मोटे ठेले-खोमचे और पसरे वाले दूर-दराज के गांव से आते हैं तो उन्हें आने-जाने का बस ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा रेल आदि का किराया भाड़ा अलग-अलग लगता है। ऐसे में उन्हें घर चलाना बहुत मुश्किल हो जाता है। सरकार को चाहिए कि छोटे-छोटे गरीब व्यवसायियों को इसी तरह प्रोत्साहित करें और राहत दें। बेरोजगारी की समस्या पर उन्होंने कहा कि शहर में कई शिक्षित और अल्प शिक्षित बेरोजगार रोजी-रोजगार शुरू करने समुचित धन भी नहीं जुटा पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें बैंकों से न्यूनतम ब्याज दर पर बैंक लोन दिलाने पहल की जाए।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्री-प्रायमरी एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। आयोजन का शुभारंभ मां गायत्री की आराधना, दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पुखराज बाफना का सारगर्भित परिचय गायत्री शिक्षण समिति के सचिव गगन लड्ढा द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि मोहन पटेल एवं प्रफुल्ल परमार का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बृजकिशोर सुरजन, अलका सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, पवन डागा, सागर चितलांग्या, मनोज चितलांग्या, नंदकिशोर सोनी, दिनेश बजाज, धीरू भाई पटेल, भावेश ठक्कर, संजय लड्ढा, नरेन्द्र लोहिया, हेमंत तिवारी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा, शिक्षकगण, पालकगण, नागरिकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. बाफना ने विद्यालय एवं विद्यालयीन व्यवस्था की प्रशंसा करते विद्यार्थियों को भविय का कर्णधार नागरिक बताते उनके उज्वल भविष्य कामना की। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अव्वल प्राप्त विद्यार्थियों को पदक व प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य शैलजा नायर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने शाला की उत्तरोत्तर वृद्धि का विवरण प्रस्तुत करते पालकों का आभार व्यक्त करते कहा कि आप सभी के सहयोग एवं सामंजस्य से यह विद्यालय विद्यार्थियों में संस्कारों का बीजारोपण कर रहा है।



गायत्री गुरुकुल की प्राचार्य दीपाली रायचा ने गायत्री गुरुकुल की स्थापना का उद्देश्य बताते विद्यालय की अनेक खूबियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया। शाला के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक अनेक ज्ञानवर्धक शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर व संचालन सीमा गायधने, अंजलि सोनवानी व मेघा साहू द्वारा किया गया।

### 26 से कलडबरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम कलडबरी में शिवरात्रि अवसर पर 26 फरवरी से 6 मार्च तक श्रीमद् भागवत प्रवचन का आयोजन साहू परिवार के सौजन्य से रखा गया है। कथा व्यास पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे।

### फाइलेरिया रोग की जांच

**डोंगरगढ़।** शिखर युवा मंच, एसबीआई फाउंडेशन के तत्वावधान में मोबाईल मेडिकल यूनिट राजनांदगांव ने भगवानटोला में फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एसबीआई संजीवनी की टीम ने फाइलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय आदि की जानकारी दिया। स्वस्थ्य जीवन शैली अपना कर फायलेरिया से बचने तथा नियमित जांच के महत्व को रेखांकित किया गया। टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बताया कि फाइलेरिया से लोगों को जागरूक करने शिविर का आयोजन किया गया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082
























# नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शिवनाथ नदी में नहाने गए एक वृद्ध की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में मोहारा निवासी रामकिशुन उम्र लगभग 70 वर्ष रोज की तरह नहाने के लिए शिवनाथ नदी मोहारा गया हुआ था। इस दौरान अचानक वह नदी के पानी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले को जांच कार्रवाई में लिया गया है।

**फांसी पर झूला :** इधर इसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ही ग्राम मोहारा निवासी बुधारूराम कोर्राम 55 वर्ष ने मोहारा के एक राईस मिल के पास रोड किनारे पेड़ में फांसी लगा लिया। सुबह जब उक्त व्यक्ति को फांसी पर लटके लोगों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### तालाब में युवती ने छलांग लगाई

इसी थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह एक युवती ने शहर के रानीसागर तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। बताया गया कि युवती को नदी में छलांग लगाते, जब आसपास के लोगों ने देखा तो उसे बचा लिया गया। युवती सहमी हुई थी, जिसे वहां उपस्थित महिला एवं अन्य ने समझाईश भी दी। उक्त घटनाक्रम की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि पति से अनबन के चलते युवती ने तालाब में कूदने का प्रयास किया।

## शिवाजी पार्क में धूमधाम से मनाई गई जयंती



**राजनांदगांव।** छत्रपति शिवाजी पार्क में बीते 19 फरवरी को शिवाजी जयंती धूमधाम से मनाई गई। छत्रपति शिवाजी धर्मरक्षक समिति, कुनबी समाज, क्षत्रिय कुर्मी समाज, मराठा समाज एवं महाराष्ट्रीयन तेली समाज के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। छत्रपति शिवाजी पार्क में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा की गई। पार्क में दीप जलाए गए और मां भवानी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम 6 बजे से आयोजन की शुरूआत की गई। जिसमें सभी समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुए। इस दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता और उनके बलिदान को याद किया गया। बच्चों ने उनकी वेशभूषा धारण किए हुए थे। उक्त जानकारी क्षत्रिय कुर्मी समाज के सचिव भूपेन्द्र चंद्राकर ने दी।

### मलमा मंडप व कचरा फैलाने पर कार्रवाई जारी

# बारात में उड़ाया पार्टी पापर, निगम ने वसूला पांच सौ रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर नगर निगम द्वारा साफ-सफाई में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण व प्रतिबंधित प्लास्टिक पर रोक लगाने मलमा मंडप के तहत कार्रवाई के साथ-साथ कचरा फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत जनता कालोनी में बिल्डिंग मटेरियल रखने तथा मांगलिक भवन में विवाह के दौरान पार्टी पापर बिखराने व गंदगी फैलाने पर संबंधित के उपर जुर्माना लगाया गया।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा बैठक लेकर एवं वार्ड निरीक्षण कर साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने निर्देश दिया जा रहा है। कलेक्टर व प्रशासक संजय अग्रवाल भी समय-समय पर दिशा निर्देश दे रहे हैं। जिसके परिपालन में नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सड़क में बिल्डिंग मटेरियल रखने वाले तथा कचरा फैलाने वाले पर कार्रवाई कर रही है।

शुक्रवार को कार्रवाई के तहत लखोली जनता कालोनी में सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल ईट, रेत, गिट्टी रखने पर सप्लायर्स रमेश गुप्ता से 1 हजार रुपए, कृष्णा टाकिज के बाजू सिहोर पान ठेला वाले द्वारा कचरा फेंकने पर 2 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया।



### गंदगी फैलाने पर कार्रवाई

इसी प्रकार आडिटोरियम के पीछे मांगलिक भवन में आयोजित विवाह में बारात उपरांत पार्टी पापर उड़ाने से रोड में कचरा फैला, जिस पर संबंधित सदर लाइन निवासी मोनू राजपूत पर 5 सौ रुपए जुर्माना लगाया गया एवं इन्हें इस प्रकार का कार्य दोबारा न करने समझाईस दी गई। गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक का न करें उपयोग

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अमला से कहा है कि वैवाहिक एवं सार्वजनिक भवन आदि की समय-समय पर निरीक्षण करें और गंदगी फैलाने पर कार्रवाई करें। इसी प्रकार सड़क में गंदगी फैलाने व मलमा रखने पर भी मलमा मडप के तहत कार्रवाई करें। उन्होंने डेयरी, होटलों, खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने, खाद्य सामग्री को ढंककर रखने, ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के साथ-साथ भवनों आदि में साफ-सफाई रखने, कचरा निर्धारित स्थान में फेंकने, घरों के आसपास व सड़क में मलमा नहीं रखने की अपील की है।

## सभी गांवों तक पहुंची विभा साहू जनता से मांगा आशीर्वाद



**राजनांदगांव ।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी से पतंग छाप की प्रत्याशी श्रीमती विमल साहू विभा को प्रचार के दौरान क्षेत्र की जनता का बेहतर समर्थन मिला है । उन्होंने क्षेत्र के लगभग सभी गांव में पहुंचकर मतदाता से सीधे रूबरू होकर क्षेत्र के विकास को लेकर वादे किए हैं। जिला पंचायत प्रत्याशी विभाग साहू ने क्षेत्र क्रमांक 5 में अपने प्रचार-प्रसार का दौरा पूरा कर लिया है । इस क्षेत्र में उनकी बेहतर पकड़ होने के चलते लोगों का खासा समर्थन भी उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान मिला है। पतंग छाप से प्रत्याशी विभा साहू एमएससी, बीएड और लोक संगीत में डिप्लोमा है। वहीं पूर्व में जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस पार्टी में कई पदों पर भी रही है। लम्बे समय से राजनीति में सक्रिय रहने के चलते चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास को लेकर मतदाताओं से सीधे रूबरू होकर अपनी बातें रखी है।

क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी की प्रत्याशी विभाग साहू का कहना है कि गांवों के बेहतर विकास की प्राथमिकता वह चुनाव मैदान में है । उन्होंने कहा कि प्रचार के दौरान क्षेत्र के मतदाताओं का उन्हें भरपूर समर्थन मिला है।

## 22 एकड़ पर अवैध प्लाटिंग, एफआईआर की मांग



**राजनांदगांव।** शहर में अवैध प्लाटिंग को लेकर पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं एवं भूमि स्वामियों को विधि के अनुसार नोटिसों की आड़ में नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा और शासन के संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते अवैध प्लाटिंग लगभग 20 से 25 एकड़ में होने के बावजूद नियमितीकरण का खेल खेलकर शासन को वित्तीय हानि पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अभिनंदन गैलेक्सी की आड़ में भ्रष्टाचार करके भू-माफियों को आर्थिक लाभ पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी-कर्मचारी जो संलिप्त हैं, उसकी जांच कर बिन्दुवार खुलासा करते एफआईआर दर्ज किया जाए।

# स्वदेशी क्षेत्र में हमको बहुत काम करना है : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित सात दिवसीय स्वदेशी मेला के छठवें दिन बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अध्यक्षता एसडीएम खेमलाल वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते एसपी गर्ग ने कहा कि स्वदेशी क्षेत्र में हमको बहुत काम करना है। कैमरा से लेकर ड्रोन तक हमको बनाना है। आने वाला समय स्वदेशी का ही होने वाला है। राजनांदगांव के स्वदेशी मेले में हमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के सामान एक ही जगह आसानी से मिल जाते हैं।

### आयोजन करना सराहनीय

अध्यक्षता करते एसडीएम खेमलाल वर्मा ने कहा कि कम समय में इतने बड़े और व्यवस्थित स्वदेशी मेला का आयोजन करना वास्तव में सराहनीय कार्य है। विशिष्ट अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई देते कहा कि यह व्यवस्था नहीं या निर्माण का काम है। शहर का विकास और शहर के व्यक्तियों का निर्माण इस मेले के माध्यम से होता है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक चौधरी ने दिया। आभार व्यक्त विनोद डड्डा ने किया।




### समापन समारोह में पहुंचेंगे उप मुख्यमंत्री

स्वदेशी मेला का समापन समारोह कल 23 फरवरी को शाम 6 बजे आयोजित है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल होंगे। अध्यक्षता पूर्व सांसद अभिषेक सिंह करेंगे। विशेष अतिथि समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत और विनोद डड्डा शिरकत करेंगे।

### कार्यक्रम से बढ़ा लोगों का जुड़ाव

स्वदेशी मेला के सह-संयोजक मूलचंद भंसाली एवं मनोज निर्वाणी ने बताया कि सुबह से लेकर रात तक मेला प्रांगण में दोपहर में संगोष्ठी, शाम को अतिथि का सत्कार तथा स्वागत अभिनंदन उसके पश्चात गीत-संगीत कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों को पूरा समय बिताने का अवसर इस मेले में मिलता है।

### प्रत्येक युवा उद्यमी बने यही हमारा लक्ष्य है - चौधरी

वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और भारत में स्वयं कार्य करना और दूसरों को खिलाना भारत की परंपरा रही है। भारत का किसान अपने खेत में अनाज उगाता है और सबका पेट भरता है। वह प्रकृति के भरोसे अपना जीवनयापन करता है और अतिथि को भी भूखे नहीं जाने देता। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन विजय मानिकपुरी ने किया।

## पहुंच वालों को छूट, गरीब दुकानदारों पर कार्रवाई



**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा शहर में पॉलिथीन डिस्पोजल वास्तु रखने वाले छोटे दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। जिसको लेकर निखिल द्विवेदी ने कहा है कि नगर निगम द्वारा डिस्पोजल, पॉलिथीन बनाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है । वहीं पॉलिथीन डिस्पोजल बेचने वाले रसूखदारों पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। नगर निगम प्रशासन अमीरों को छूट दिया हुआ है और छोटे गरीब दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही निगम द्वारा वसूली शुरू कर दी गई है और छोटे दुकानदारों से वसूली करवाई जा रही है।

### पांच सौ से गरीब की जीविका चलती है

कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी रहे निखिल द्विवेदी ने कहा कि शहर के बसंतपुर स्थित महामाया चौक पर नगर निगम द्वारा गन्ना रस बेचने वाले गरीब दुकानदार पर डिस्पोजल गिलास को लेकर 500 रुपए का चालान किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ अन्याय किया जा रहा है। भाजपा के आते ही नगर निगम में अवैध वसूली का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि छोटे दुकानदार जब 500 रुपए कमाते हैं तो मुश्किल से उनके घर का खर्च चल पाता है। ऐसे में बड़े पहुंच वाले लोगों को छोड़कर छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई करना गलत है।




# तीसरे चरण के मतदान के लिए दल रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने स्थानीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायतों में निर्वाचन कार्य को संपन्न करने नियुक्त मतदान दलों को निर्धारित मतदान केंद्र के लिए शुभकामनाएं देते रवाना किया। मतदान दलों को कलेक्टर ने शुभकामनाएं देते जिम्मेदारी के साथ दायित्व निर्वहन करने प्रेरित किया। साथ ही निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न करने निर्देशित किया। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने मतदान दलों को शुभकामनाएं देते कहा कि यह अंतिम कड़ी का निर्वाचन है। पूर्व की भांति आप सभी गंभीरता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करेंगे। निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संपन्न कराएं। उन्होंने बिना तनाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और महती योगदान देने कहा। उन्होंने मतदान दलों को दायित्व निर्वहन में पूरी तरह से निष्पक्षता के साथ दायित्व पालन करने कहा। सभी मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान के दौरान किए जाने वाले दायित्वों के लिए तैयार है। मतदान दल मतदान दिवस पर व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न करने तैयार हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सीईओ भारती चन्द्राकर, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सम्मेलन में मां पाताल भैरवी मंदिर की गूंज



**राजनांदगांव।** भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से तिरूपति आंध्रप्रदेश में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2025 में मां पाताल भैरवी मंदिर बर्फानी धाम राजनांदगांव ने प्रभावशाली भागीदारी निभाई। तिरूपति के आशा कन्वेंशन सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू मुख्य अतिथि थे। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। आयोजन में मां पाताल भैरवी मंदिर राजनांदगांव को एक विशेष स्थान मिला। कमलेश सिमनकर द्वारा निर्मित और वीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा लिखित सात मिनट के वृतचित्र को प्रस्तुत किया गया। जिसमें मंदिर की दिव्यता, ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्ता को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया था। मंदिरों के महाकुंभ में मां पाताल भैरवी मंदिर का प्रतिनिधित्व बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारू, महामंडलेश्वर महंत गोविंद दास महाराज, कमलेश सिमनकर और वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया।









## खबर संक्षेप

### कबीर सत्संग में कथा श्रवण पान करने उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम गोछिया में चार दिवसीय श्री सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह का भव्य आयोजन से आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों में भारी भक्तियम का माहौल बना हुआ है। वहीं श्रद्धालु गण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्री सद्गुरू कबीर साहेब की कथा का रसपान कर रहें है। इस चार दिवसीय कबीर सत्संग कार्यक्रम के द्वितीय दिवस गुरू महिमा पाठ एवं रामू साहेब द्वारा कबीर साहेब कथा रसपान प्रवचन भक्तजनों को कराया गया। जिससे ग्राम गोछिया सहित आसपास क्षेत्र के मानस मण्डली द्वारा कबीर दास की गायन भजन की शानदार प्रस्तुति दी जा रही है।

## निधन

### कुवारू चंद्रवंशी

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम भगतपुर



निवासी कुवारू चंद्रवंशी का आकस्मिक निधन निधन 20 फरवरी को हो गया। स्व. कुवारू चंद्रवंशी का अंतिम संस्कार ग्राम भगतपुर स्थित मुक्तिधाम बगीचा में किया गया, वहीं स्व. श्री चंद्रवंशी को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई, जिससे चंद्रवंशी परिवार सहित आसपास क्षेत्र में भारी शोक व्याप्त है।

### पंचायत चुनाव का परिणाम सामने आने के बाद गांव में जश्न का माहौल

# जिला पंचायत के 3 क्षेत्र में खिला कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लाक के अधीन आने वाले तीन जिला पंचायत क्षेत्र में हुए मतदान का रूझान देर रात मिलने लगा था। जिला पंचायत की तीनों सीट पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज किया है। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से बीरमबाई, क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला से किरण रविन्द्र वैष्णव, क्षेत्र क्र. 13 कुमर्दा में गोपाल भूआर्य की जीत से भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और कार्यकर्ता जीत का जश्न मनाने लगे। उल्लेखनीय है कि दिग्गज नेताओं के मैदान में उतरने से जिला पंचायत का क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला हाई प्रोफाईल हो गया था । भाजपा ने जनपद अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था तो कांग्रेस ने विधायक की मनपसंद से नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा को प्रत्याशी घोषित किया था। वहीं भाजपा जिला किसान मोर्चा के महामंत्री हिरेन्द्र साहू एवं कांग्रेस से जिला महामंत्री चुम्मन साहू भी बागी के रूप में मैदान में आ गए थे। चुनाव में कांग्रेस की श्रीमती सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बीरम बाई एवं कांग्रेस की अश्वनी मंडलोई के बीच सीधा मुकाबला हुआ। भाजपा प्रत्याशी बीरमबाई ने हर बूथ पर लीड लेते हुए रिकार्ड मतों से जीत दर्ज किया। इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 13 कुमर्दा से भाजपा के प्रत्याशी गोपाल भूआर्य का मुकाबला कांग्रेस की बागी कांति भंडारी से हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप धावड़े ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### सभी तरफ भाजपा लहर







### किरण की जीत पर मना जश्न

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव सदस्य निर्वाचित हुई है। मतदान होने के बाद देर रात श्रीमती वैष्णव के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं आना शुरू हो गए थे। परिणाम सामने आने के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी किया। कुमार साय साहू, शीशुपाल साहू, खिलेश साहू, दशरथ चंद्रवंशी आदि ने उन्हे बधाई दी। श्रीमती वैष्णव ने जीत का श्रेय मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया है।

### जनपद में भी भाजपा राज

जनपद पंचायत छुरिया के नवनिर्वाचित भाजपा के 18 सदस्यों की जिला भाजपा कार्यालय में जिला संगठन ने परेड लिया। जनपद पंचायत में 25 वर्षों से भाजपा का एकतरफा कब्जा है । इस बार हुए आम चुनाव में भाजपा के 18 जनपद सदस्यों ने जीत दर्ज किया है। इस चुनाव में चुनाव प्रभारी जगजीत सिंह भाटिया की अहम भूमिका रही। परिणाम आने के बाद गुरूवार को सभी 18 सदस्यों जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, एमडी ठाकुर, हिरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष कांता साहू, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन की उपस्थिति में भाजपा के जिलाध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल एवं जिला महामंत्री सौरभ कोठारी से रूबरू कराया। निर्वाचित जनपद सदस्यों का जिला भाजपा अध्यक्ष सहित अन्य ने स्वागत किया।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

- मातृभाषा दिवस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा यूजीसी के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस शुक्रवार को मातृभाषा पर संगोष्ठी तथा चर्चा कार्यक्रम हुआ। संगोष्ठी में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष व्याख्याता नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए मातृभाषा दिवस के उद्देश्यों पर अपनी बात रखी।

उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि सन 1952 में पाकिस्तान द्वारा बांग्लादेश में उर्दू को आधिकारिक तौर से राज्य भाषा के रूप में जबरदस्ती थोपा जा रहा था, जिससे बांग्लादेश में असंतोष फैल गया था क्योंकि उनकी मातृभाषा बांग्ला थी। बांग्लादेश के छात्रों ने अपनी मातृभाषा बांग्ला के अधिकार एवं सुरक्षा के लिए 21 फरवरी 1952 को देशव्यापी आंदोलन किया। आंदोलन के फलस्वरुप अनेक छात्राओं को अपनी जान गंवानी पड़ी। सन 1999 में यूनेस्को द्वारा मातृभाषा के महत्व को संज्ञान में लेते हुए 21 फरवरी की घटना को स्थान देते हुए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाए जाने के प्रमुख उद्देश्यों में भाषा संरक्षण करते हुए बहुभाषिकता को बढ़ाना, मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा देना, लुप्त हो रही भाषाओं का पुनरुद्धार करना तथा भाषाई अधिकारों की रक्षा में मदद करना शामिल है। वहीं सन 2000 से मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का यह रजत उत्सव वर्ष है। नई शिक्षा नीति 2020 में भी मातृभाषा के माध्यम से शिक्षण को प्रोत्साहित किया गया है।

मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कविता कन्नौजे ने मातृभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए छत्तीसगढ़ी भाषा में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। एमए हिंदी के छात्र आशीष श्रीवास्तव ने मातृभाषा के महत्व पर विद्यार्थियों की ओर से भाषण प्रस्तुत किया। द्वितीय दिवस शनिवार को विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भूमिका देवांगन ने प्रथम, पूर्वा जायसवाल ने द्वितीय तथा भारती बघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी मातृभाषा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आफरीन ने प्रथम, प्रिया श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा खुशी परिमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छत्तीसगढ़ी लोकगीत गायन प्रतियोगिता में माधुरी झारिया ने प्रथम, टेशू ठाकुर ने द्वितीय तथा राधिका कोशले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवि यादव एवं राजकुमार भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दीपक देवांगन, मुकेश कामले, आकांक्षा वर्मा, डॉ सीमा मण्डावी, भानु प्रताप सिंह, जय मेहरा तथा समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## श्रीराम कथा मानस ज्ञान यज्ञ समापन दिवस में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 14 से 22 फरवरी तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें 22 फरवरी को समापन दिवस पर ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों नें श्रीराम कथा मानस ज्ञान यज्ञ में परिक्रमा व विधि विधान से पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया। साथ ही साथ श्रीराम कथा सुनने भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रीराम कथा मानस ज्ञान यज्ञ में आचार्य आशीष पाठक, उप-आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री द्वारा श्रीराम कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया गया। वहीं नौ दिवसीय श्रीराम कथा मानस ज्ञान यज्ञ में वेदी-पुराण व मंत्र उच्चारण कर श्रीराम कथा का समापन किया। वहीं ग्रामीणों द्वारा समापन दिवस पर ग्रामीणों व श्रद्धालाओं की भारी जन सैलाब उमड़ी। इस नौ दिवसीय कार्यक्रम में पवन शर्मा, दिनेश पांडेय, सुरेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, अनुज निषाद, गुरुनंद गोस्वामी, नकुल सिंह चौहान एवं समस्त ग्रामवासी कोलेगांव के सहयोग से संपन्न हुआ।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Hub of opportunity at Avinash Chitwan, Kachna
Boulevard
SHOP | RETAIL | OFFICE | F & B | BOUTIQUE
LAUNCHING TODAY



avinash CHITWAN
RERA No.: PCGRERA110923001671
99075 88444
www.avinashgroup.com | rera.cgstate.gov
28+ Years of Experience
59 Real Estate Projects
15000+ Happy Customers

## खबर संक्षेप

### नपा उपाध्यक्ष के लिए भाजपा पर्यवेक्षक नियुक्त

**कवर्धा।।** छत्तीसगढ़ भाजपा ने नगर पालिका परिषदों में उपाध्यक्ष पद के चयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने इसकी आधिकारिक सूची जारी की, जिसमें सभी जिलों के लिए पर्यवेक्षकों के नाम शामिल हैं। भाजपा संगठन के अनुसार, पर्यवेक्षक नामित नगर पालिकाओं में जाकर उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री सिंह देव ने कबीरधाम जिले कवर्धा नगर पालिका के लिए लोकेश कवाडिया तथा पंडरिया नगर पालिका के लिए गौरीशंकर श्रीवास को नपा उपाध्यक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुकत किया है।

### विदाई समारोह में स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

**कवर्धा।।** वाणी विद्या मंदिर खपरी में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को भाव भीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष पुष्प माला अर्पित व दीप प्रज्जलित कर किया गया। इस विदाई समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य सुदर्शन चंद्रवंशी के कहा कि छात्र-छात्राओं के अनुशासन और उसकी प्रतिभा विद्यालय की पहचान है। कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा नजदीक है, बेहतर परिणाम से वाणी विद्या मंदिर का गौरव बढ़ेगा। विदाई कार्यक्रम में कक्षा नौवी के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई गीत, हास्य व्यग्य प्रस्तुत किया गया।

**चुनावः** जिला पंचायत की कुल 14 में से 13 पर भाजपा के प्रत्याशी

# जिपं से भाजपा के हर विजेता की नजर अध्यक्ष पद पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्रमशः गत 17 एवं 20 फरवरी को कबीरधाम जिले के कुल 14 जिला पंचायत क्षेत्रों के सदस्य पदों के चुनाव सम्पन्न होने और अब इस चुनाव के कुछ अधिकृत और कुछ अनाधिकृत रूप से परिणामों के सामने आने कें बाद जहां भाजपा खेमे में जश्र का महोल देखा जा रहा है वहीं जिला पंचायत के अध्यक्ष पद को लेकर भी सुगबुगाहट शुरू हो गई है।

बताया जाता है कि इस बार भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला पंचायत की कुल 14 में से करीब 13 सीटों में अपना झंडा गाड़ा है। जबकि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी ने बढ़त बनाकर जिला पंचायत को कांग्रेस मुक्त होने से बचा लिया है। जिला पंचायत के इन परिणामों के सामने आने के बाद अब इस बात को लेकर भी चर्चा का बाजार गरम हो चला है कि सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित जिला पंचायत अध्यक्ष पद का ताज भाजपा के किस विजेता प्रत्याशी के सिर सजेगा। यहां बताना लाजमी को जिला पंचायत के पहले चरण में हुए कुल आधा दर्जन क्षेत्र क्रमांकों के लिए हुए जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा समर्पित प्रत्याशी सुमित्रा विजय पाटिल, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से वीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से राजकुमारी राजेन्द्र साहू, तथा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से ईश्वरी साहू ने बाजी मारी है। इसी प्रकार 20 फरवरी को जिला पंचायत के कुल 8 जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांकों के चुनाव में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी दीपा पप्पु धुर्वे, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 से रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 से राजेश्वरी धतृलहरे, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 से पूर्णिमा मनीराम साहू, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से ललिता रूपसिंह धुर्वे, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 से गंगा बाई लोकचंद साहू व क्षेत्र क्रमांक 08 से राजकुमार मेरावी मतगणना पत्र के हिसाब से अपने विरोधियों से काफी आगे है। ऐसे में अब भाजपा खेमे के इन सभी 13 अधिकृत प्रत्याशियों की नजरे जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर टिक गई है और सभी के मन में लड्डू फूट रहे हैं कि इस बार सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित जिला पंचायत का अध्यक्ष पद कहीं नवाचार के लिए जाना जाने वाला भाजपा आला कमान उनकी झोली में न डाल दे।

#### भाजपा किसे देगी मौका



जिला पंचायत में भाजपा के बहुमत को देखकर अब यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है भाजपा सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर किस वर्ग के प्रत्याशी को मौका देगी। सवाल यह भी खड़ा किया जा रहा है कि साहू, समाज, कुर्मी क्षत्रिय समाज, सतनामी समाज, आदिवासी समाज या फिर सामान्य वर्ग को मौका दिया जाएगा।

#### कांग्रेस ने जिपं क्षेत्र क्रमांक 6 की मतगणना में लगाया गड़बड़ी का आरोप

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की मतगणना को लेकर कांग्रेस ने गड़बड़ी का आरोप लगाया है। शनिवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में जिला कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन निर्वाचन अधिकारी को सौंपा। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरीराम साहू ने बताया कि कवर्धा जिला पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 06 से कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामू बैगा को गणना पत्रक में हेर फेर कर हराने का काम वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसके विरोध में कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला कलेक्टर के सामने धरने पर बैठें हैं और पुनः मतगणना कराए जाने की मांग कर रहे हैं। यहां भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को 74 मतों से बढ़त दी गई है।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 को लेकर भाजपा कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में दूसरे चरण के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के लिए हुए चुनाव में मतगणना के बाद सामने आए मणना पत्रक के आंकड़ों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा जहां इस सीट से अपने प्रत्याशी को विजयी मान रहीं तो कांग्रेस मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अपने अधिकृत प्रत्याशी की जीत का दवा कर रही है। इस संबंध में शनिवार को जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर भाजपा का पक्ष रखते हुए कहा कि जिला निर्वाचन ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की मतगणना के बाद भाजपा अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे को भी गणना पत्रक दिया है और कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामू बैगा को भी गणना पत्रक सौंपा गया है। जिसमें जिला निर्वाचन ने भाजपा अधिकृत प्रत्याशी ललिता रूप सिंह धुर्वे को 74 मतों की बढ़त दी है। ऐसे में हम भाजपा प्रत्याशी को विजयी मान रहे हैं। लेकिन कांग्रेस द्वारा अनावश्यक रूप से इस बढ़त को लेकर सोशल मीडिया में भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री बग्गा ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव से लेकर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है। जिले में भाजपा ने कुल सात नगरीय निकायों में से सातों में जीत दर्ज की है। इसी प्रकार जिला पंचायत के कुल 14 क्षेत्र क्रमांकों में से हमने 13 में जीत दर्ज की है। जिसे लेकर कांग्रेस अब बोखला गई है और लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

## कैरियर काउंसिलिंग, लक्ष्य निर्धारण एवं समय प्रबंधन पर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों को कैरियर काउंसिलिंग, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, दसवीं के बाद विषय चयन आदि पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को कक्षा पहली से दसवीं तक निर्धारित विषय ही पढ़ना होता है। इसमें विकल्प का अवसर नहीं मिलता है। दसवीं के बाद विषय चयन का अवसर मिलने पर छात्र कश्मकश में रहते हैं कि कौन सा सब्जेक्ट चुने, जिससे कैरियर का बेहतर अवसर मिल सके. कई बार सोंचे समझे बगैर ऐसे विषय या स्ट्रीम का चयन कर लेते हैं, जो उसके रुचि व क्षमता के विपरीत होता है, जिससे बाद में पछताना पड़ता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि विषय चयन के समय रुचि का ध्यान रखें। विषय चयन के पहले बड़ों का सलाह लेकर लक्ष्य निश्चित करते हुए क्षेत्र से जुड़े पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। हॉबी को प्रोफेशन बनाना हो तो उससे संबंधित विषय लेकर पढ़ें। अपने ताकत व कमजोरी को पहचाने तथा दोस्तों की देखादेखी विषय का चयन न करें। ज्यादा मार्क्स लाएं तो मैथ्स, साइंस चुनना, अवरेज परफार्म करने पर कामर्स और कम मार्क्स आने पर आर्ट्स लेने की सोंच गलत है। विषय चयन करने से पहले सबसे जरूरी है कि स्टूडेन्ट खुद के स्कोर कार्ड का विश्लेषण करें। पिछले दो से तीन साल में जिस विषय में ग्रोथ कर रहे हों, उसी को आगे के लिये चुना जाना चाहिए। सिर्फ सब्जेक्ट ही नहीं, सब-सब्जेक्ट जैसे गणित और बायो के साथ फिजिक्स व केमेस्ट्री, कामर्स के साथ अर्थशास्त्र जैसे विषयों में कितना अच्छा कर सकते हैं, ये भी देखें। यदि एक सब्जेक्ट पर फोकस करना है तो उसके सब-सब्जेक्ट को ध्यान रखना होगा, क्योंकि ये भी उतना ही महत्वपूर्ण है। लक्ष्य तय करने के लिए गणित, विज्ञान, कामर्स, कला, होम साइंस, कृषि, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि से जुड़े विषय लेकर अध्ययन करने से भविष्य निर्माण के लिए मिलने वाली अवसरों की जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस, सेना, टीचिंग, संघ व राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित किए जाने वाले परीक्षाओं के पदों के लिए निर्धारित योग्यताओं से अवगत कराया गया। विषय चयन पश्चात सफलता प्राप्ति के स्वर्णिम सूत्रों को जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, सकारात्मक दृष्टिकोण, एकाग्रता, लक्ष्य के प्रति समर्पण, उत्साह, आलस्य का त्याग, आत्मानुशासन, विनम्रता एवं आत्म मूल्यांकन को हमेशा ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। इस दौरान संस्था के व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी एवं दसवीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन...



कवर्धा। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की मतगणना में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना।

## जेल में बंद कैदियों को मिलेगा गंगा जल स्नान का अवसरः विजय शर्मा

- समाज में सुधार व पुनर्वास की दिशा में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों की भी इच्छाशक्ति होती है और वे भी गंगा स्नान का पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में 25 फरवरी को गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा। इस पहल के तहत सभी कैदियों को गंगा जल से स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और यह हमारी परंपराओं का एक अभिन्न हिस्सा है। समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना के तहत यह निर्णय लिया गया है, जिससे कैदियों में आत्मशुद्धि और नैतिकता के भाव उत्पन्न हों। उन्होंने यह भी कहा कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है और हर व्यक्ति को इसका लाभ उठाने का अधिकार है। इसी सोच के तहत जेलों में बंद कैदियों को भी इस आध्यात्मिक अवसर से जोड़ा जा रहा है।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जेल अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार कैदियों के सुधार और उनके पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

## जिला अधिवक्ता संघ का धरना प्रदर्शन 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अधिवक्ता संघ जिला अधिवक्ता संघ कबीरधाम ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ के नाम अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर आगामी 25 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से प्रथक रहने का ऐलान किया है। इस संबंध में पोखराज सिंह परिहार जिला अधिवक्ता संघ जिला अधिवक्ता संघ कबीरधाम ने जानकारी देते हुए बताया कि एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करनें एवं एडव्होकेट एक्ट में प्रस्तावित संशोधन स्थगित कर निरस्त करनें की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ जिला अधिवक्ता संघ कबीरधाम ने 25 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से पृथक रहने का ऐलान किया है। जिसके संबंध में आवश्यक जानकारी ज्ञापन के माध्यम से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ को भी दे दी गई है। उन्होने बताया कि 25 फरवरी को संघ अपनी मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा तथा अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपेगा।

## मीनाक्षी आसकरण धुर्वे दूसरी बार कवर्धा जनपद पंचायत की सदस्य निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र क्रमांक 23 नेवारी से मीनाक्षी आसकरण धुर्वे जनपद पंचायत सदस्य के रूप में लगातार दूसरी बात निर्वाचित हुई है। इस संबंध में कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद पंचायत सदस्य ने बताया कि गत 21 फरवरी को रिटर्निग आफिसर परमेश्वर लाल मंडावी के हाथो मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त किया। क्षेत्र क्रमांक 23 से धुर्वे परिवार को लगातार तीसरी बार जनपद सदस्य के रूप में सेवा का अवसर मिला है। ऐसे देव तुल्य मतदाता को धुर्वे परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के विकास हमारा हमेशा प्रथम प्राथमिकता रहा है द्य इस बार क्षेत्र के विकास के साथ साथ शिक्षा को बढ़ावा देने विशेष कार्य योजना तैयार कर जनता के बीच पहुंची समर्थन व विश्वास प्राप्त किया है द्य अपने कार्ययोजना में क्षेत्र के प्रत्येक शाला के कक्षा 5 वी, 8 वी, 10 वी के छात्र छात्रों को कक्षा में प्रथम आने, तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य, उत्कर्ष, प्रयास आदि विद्यालय में चयन होने पर शिक्षा प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाना प्रमुख है। कार्य योजना को प्राथमिकता क्रम से आने वाले पांच वर्षो में मूर्तरूप दिया जाना है।

केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों व संकुल शैक्षिक समन्वयकों को आवश्यक निर्देश

## बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी. साहु के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा में आज जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस बैठक में सहायक संचालक एमके गुप्ता, यूआर चन्द्राकर, डीजी पात्रा एवं एमआईएस प्रशासक सतीश कुमार यदु उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहु ने 1 मार्च से आरंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं सेजेस कचहरीपारा, कवर्धा के प्राचार्य आरएस धुर्वे ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाओं के संचालन और मूल्यांकन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, ठंडे पेयजल की उपलब्धता, हवादार एवं प्रकाशयुक्त परीक्षा कक्ष, बोर्ड द्वारा निर्धारित पंजियों, प्रपत्रों और निर्देशों के समयानुसार समुचित क्रियान्वयन के संबंध में विशेष जोर दिया। इसके अलावा, कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की केंद्रीकृत मूल्यांकन परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों को साझा करते हुए आवश्यक कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्री-बोर्ड परीक्षा 2025 की समीक्षा, वार्षिक परीक्षा (कक्षा 9 वीं व 11 वीं), बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10 वीं व 12 वीं) और प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शेष कक्षाओं की परीक्षा तैयारी की समीक्षा की गई। साथ ही, अपार आईडी निर्माण की प्रगति, छात्रवृत्ति, सीजी स्कूल डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि, शिक्षकों की वरिष्ठता सूची, आईपीआर अपलोड की स्थिति और लंबित अवकाश आवेदनों के त्वरित निराकरण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक, 75 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, रिजर्व केन्द्राध्यक्ष एवं 150 संकुलों के संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

## धान खरीदी समाप्त होने के 22 दिन बाद भी केन्द्रों से धान का उठाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



प्रदेश सरकार द्वारा गत 14 नवम्बर से प्रारंभ की गई जिले की सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को समाप्त हुए करीब 22 दिनो को समय बीत चुका है लेकिन जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अभी तक धान का उठाव नहीं हो पाया है और जिले के प्रायः सभी धान खरीदी केन्द्रों में अभी भी बड़ी संख्या में शासन द्वारा समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का अंबार लगा हुआ है। ऐसी ही स्थिति जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव धान खरीदी केन्द्र में देखी जा सकती है। समिति प्रबंधक की माने तो तो कुल खरीदी में से करीब पांच हजार क्विंटल धान का ही उठाव किया गया है। शेष धान अभी भी समिति में असुरक्षित ढंग से खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। समिति प्रबंधन बताया कि अब भीषण गर्मी का दौर आने वाला है ऐसे में तेज धूप में धान के खराब होने के साथ ही दुर्घटना का भी बना रहता है। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्र में बाऊंड्री बॉल का भी आभाव है। जिसके कारण मवेशी तथा चोर उचक्कों से धान को सुरक्षित रख पाना भी बड़ी समस्या है। उन्होने ने शासन प्रशासन से धान उठाव में तेजी लाए जाने की मांग की है।